मुख्यालय

स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति,
(मुख्य प्रशासनिक भवन, रमाबाई अम्बेडकर मैदान, शारदा नगर, लखनऊ-226002)
Website: www.smaraksamiti.org Email: mngrmnho@gmail.com

विज्ञापन सं0: 02/प्र0(अनु0)/ई-निविदा/2017-18 दिनांकः 29.06.2017

अल्पकालीन निविदा सूचना

स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति के विभिन्न पार्कों/परिक्षेत्रों के उपयोगार्थ ''सबमर्सिबल/सबमर्सिबल मोनोब्लॉक पम्पों की मरम्मत आदि कार्य हेतु अधिकृत विक्रेता/निर्माता/फर्म से दो भागों में अलग-अलग निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र UP government website "etender.up.nic.in एवं स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति की वेबसाइट www.smaraksamiti.org पर डाउनलोड/देखे जा सकते हैं। कार्य के अधिकृत विक्रेता/निर्माता/फर्म, जिनकी विगत तीन वर्षों की न्यूनतम वार्षिक बिक्री रू 10.00 लाख प्रतिवर्ष हो एवं बिक्री कर विभाग में पंजीकृत हो, आवश्यक प्रमाण-पत्र के साथ अपनी निविदायें ई-टेण्डर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकेंगे। निविदा प्रपत्र बिक्री का मूल्य रू0 530.00 एवं धरोहर राशि रू0 48,000.00 है। निविदादाता द्वारा स्मारक समिति के कार्यालय में मूलरूप से निविदा प्रपत्र मूल्य का बैंक ड्राफ्ट जो स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति के पक्ष में देय हो (Non-Refundable) तथा धरोहर राशि जो कि बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 के रूप में हो, दिनांक 30.06.2017 से 14.07.2017 तक जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में ऐसी निविदाएं नहीं खोली जायेगीं। निविदा के प्रथम भाग में धरोहर राशि, निविदा प्रपत्र मूल्य बैंक ड्राफ्ट की छायाप्रतियाँ, फर्म के प्रपत्र इत्यादि तथा द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाताओं द्वारा उ0प्र0 ई-टेण्डर पोर्टल पर दिनांक 30.06.2017 से 14.07.2017 को 17:00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनांक 15.07.17 को पूर्वाह्न 11:30 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदा उपरोक्त निर्धारित समय को अगले कार्यदिवस में प्राप्त/खोली जायेगी। सभी निविदाओं के भाग-1 के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के भाग-2 खोले जायेंगे। आपूर्तिकर्ता फर्म/विक्रेता को शासकीय विभागों/अर्द्धशासकीय विभागों/निगमों/प्राधिकरणो में आपूर्ति कार्य के अनुभव को वरीयता दी जाएगी।

निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण कार्यालय प्रबन्धक (अनुरक्षण), प्रशासनिक भवन, रमाबाई अम्बेडकर मैदान, निकट डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ से किसी भी कार्य दिवस में ज्ञात किया जा सकता है। प्रस्तुत की गयी किसी भी निविदा को या समस्त निविदाओं को या निविदा प्रक्रिया को बिना कारण बताए किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी, समिति के पास सुरक्षित होगा।

प्रबन्धक (अनुरक्षण)

Signature Not Verified
Digitally signed by RAJESH KUMAR GUPTA
Date: 2017.06.29 14:41:25 IST
Location: Uttar Pradesh